भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2554**

04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय: मृतक किसानों के परिवारों को मुआवजा**

2554. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंगः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अब निरस् किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध किसान आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों को कोई मुआवजा दिया गया है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसे जान गंवाने वाले किसानों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए कोई योजना शुरू की है या योजना शुरू करने का विचार है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) एवं (ख): मुआवज़े से संबंधित विषय राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। मुआवज़े से संबंधित आंकड़े केंद्रीय स्तर पर नहीं रखा जाता है।

(ग): इस प्रकार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****